3104 - बीमा पाने के लिए उसने झूठा दावा किया कि घटना कार्यस्थल का चोट है

प्रश्न

मेरे साथ काम से बाहर एक दुर्घटना घटी, और जब मैं उपचार के खर्च को बर्दाश्त करने में असमर्थ हो गया, तो मैं ने यह दावा किया यह घटना कार्यस्थल का चोट है। और इस आधार पर, कंपनी ने उपचार का खर्च भुगतान किया। अब मैं शर्मिंदा हूँ, तो मुझे क्या करना चाहिए ?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

आपको चाहिए कि कंपनी वालों को वास्तविकता से अवगत करा दें और उन्हों ने आपके ऊपर उपचार की जो राशि खर्च की है उसे उन्हें वापस लौटाने या आपके वेतन से काट लेने की पेशकश करें, यदि वे आप को माफ करे दें - अगर उनके हाथ में इसकी योग्यता है - तो आपके ऊपर से भुगतान समाप्त हो जायेगा, अन्यथा आपकी ज़िम्मदारी उस तक समाप्त नहीं होगी जब तक कि आप उनसे अपने ज़िम्मे को बरी न कर लें या उन्हें खर्च वापस लौटा दें। तथा आप झूठ और अन्याय से अपने पालनहार के समक्ष क्षमायाचना करें।